काजरी में “शुष्क क्षेत्रों हेतु समेकित जलग्रहण विकास और मृदा संरक्षण” पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

दिनांक 13/04/2026, जोधपुर

केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, काजरी, द्वारा निदेशालय जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण के संयोजन में “शुष्क क्षेत्रों हेतु समेकित जल ग्रहण विकास और मृदा संरक्षण” विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में डॉ. सुरेश पाल सिंह तँवर, निदेशक काजरी ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागी कनिष्ठ अभियंताओं को जल एवं मृदा संरक्षण के संबंधित शोध एवं तकनीकियों को सामुदायिक स्तर पर अधिक प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री भागीरथ बिश्नोई, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, जल ग्रहण विकास एवं भू -संरक्षण विभाग जोधपुर ने भी अपने संबोधन में कार्यक्रम की सार्थकता बताते हुए एवं भविष्य में भी काजरी के साथ कार्य करने का विश्वास दिलाया।

प्रशिक्षण समन्वयक डॉ ओमप्रकाश मीणा ने सात दिवसीय कार्यक्रम का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया एवं प्रशिक्षण पूर्व तथा प्रशिक्षण पश्चात ज्ञान का स्तर भी जांचा। जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग की तरफ से कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती अंजू मीणा, अधिशासी अभियंता ने संस्थान का आभार व्यक्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जोधपुर एवं बीकानेर विभाग से 30 कनिष्ठ अभियंताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई एवं अनुभव भी साझा किये | कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपिका हाजोंग द्वारा किया गया एवं धन्यवाद प्रस्ताव डॉ प्रमेंद्र द्वारा दिया गया |